# GPS देगा कामचोरों की पल-पल की खबर




» नगर निगम की कूड़ा गाड़ियां जीपीएस सिस्टम से होंगी लैस

» हर पल कर्मचारियों पर अधिकारी रख सकेंगे अपनी नजर

CONCEPT PIC



कूड़ा गाड़ियों को जीपीएस सिस्टम से जोड़ा जाएगा.

reena.dandriyal@inext.co.in

**DEHRADUN (8 Aug) :** आने वाले दिनों में दून की सफाई व्यवस्था में लगे नगर निगम कर्मचारियों के लिए काम में कोताही बरतना आसान नहीं होगा. क्योंकि निगमाधिकारियों की सफाई व्यवस्था में लगे हर एक कर्मचारी पर पैनी नजर होगी. दरअसल, निगम जल्द ही सभी कूड़ा गाड़ियों को जीपीएस सिस्टम से जोड़ने जा रहा है, ताकि इस बात की सही-सही जानकारी मिल सके कि कौन सी गाड़ी कूड़ा उठाने के लिए पहुंच रही है और कौन सी नहीं?

## अभी कई वार्ड्स में नहीं उठ रहा कूड़ा



नगर निगम में हरक सिंह रावत के एमएनए का पद संभालने के बाद दून की सफाई व्यवस्था में कुछ सुधार तो आया है, लेकिन अभी भी कई वार्ड्स में कर्मचारी कूड़ा उठान में लापरवाही कर रहे हैं. कई वार्ड्स के पार्षदों के द्वारा भी एमएनए को शिकायत की जा रही है.

**“ जल्द ही नगर निगम की कूड़ा गाड़ियों को जीपीएस सिस्टम से जोड़ा जाएगा, ताकि सभी कर्मचारियों व गाड़ियों पर नजर रखी जाएगी. इसके बाद कर्मचारी काम में कोई लापरवाही नहीं बरत सकेंगे.**

-हरक सिंह रावत, एमएनए

## सभी 60 वार्ड होंगे कनेक्ट

एमएनए हरक सिंह रावत के अनुसार सभी कूड़ा गाड़ियों को जीपीएस सिस्टम से जोड़ने की प्लानिंग बनाई जा रही हैं, ताकि सभी वार्ड्स में डोर टू डोर कलेक्शन और कूड़ा उठान का कार्य सही तरीके से हो सके. इसके लिए कंपनी से बात की जा रही है. इसका मकसद राजधानी में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना है. सभी 60 वार्ड को इस सिस्टम से जोड़ा जाएगा. उनके अनुसार इसके बाद सभी गाड़ियों और कर्मचारियों का ऑनलाइन रिकॉर्ड रखा जाएगा.

## निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम

निगम कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा. इसके बाद अधिकारियों द्वारा यहीं से सभी कर्मचारियों और गाड़ियों की लोकेशन पर नजर रखी जाएगी. गाड़ियों के इस हाईटेक सिस्टम से जुड़ने के बाद कर्मचारियों के लिए काम से जी चुराना आसान नहीं होगा.

## निगम होगा हाईटेक

हाल ही में निगम ने ऑफिस में बायोमैट्रिक सिस्टम शुरू किया है. इसके तहत अब कर्मचारियों की अटेंनडेंस मशीन के जरिए लगनी शुरू हो गई है. अब निगम ने हाईटेक होने की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए गाड़ियों को जीपीएस सिस्टम से जोड़ने का डिसिजन लिया है.

# पॉलिटेक्निक टीचर्स का स्वास्थ्य बिगड़ा हॉस्पिटल में किया गया एडमिट

» सांस लेने में प्रॉब्लम के बाद 108 की मदद से पहुंचाया गया हॉस्पिटल

» इसके बाद दो और लोग अनशन पर बैठ गए

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (8 Aug) :** पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आमरण अनशन कर रहे दो पॉलिटेक्निक कॉन्ट्रेक्टेड टीचर्स को स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया. फ्राइडे को रायपुर बस स्टैंड में आमरण अनशन कर रहे पॉलिटेक्निक टीचर सुनित कुमार की तबियत बिगड़ गई. उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी, जिससे साथी टीचर्स के हाथ-पांव फूल गए. उन्होंने आस-पास के लोगों से मदद की गुहार लगाई. स्टैंड में ही धरना प्रदर्शन कर रहे संग्राम अमीन मौके पर पहुंचे और 108 की मदद से सुनित को हॉस्पिटल पहुंचाया.

## जारी रहेगा संघर्ष

वहीं अरविंद रावत को भी तबियत खराब होने के बाद हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया. बाद में धीरेंद्र कुमार और अनुराग रावत आमरण अनशन पर बैठ गए. उन्होंने कहा कि साथियों के संघर्ष को जाया नहीं जाने दिया जाएगा. सोसायटी के स्टेट प्रेसीडेंट सर्वेश चौधरी ने कहा कि सरकार पॉलिटेक्निक कॉन्ट्रेक्टेड टीचर्स के जीवन को लेकर भी संजीदा नहीं है. टीचर्स की हालत लगातार बिगड़ रही है लेकिन सरकार की ओर से कोई सुध लेने नहीं आया. उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान न होने तक आंदोलन जारी रहेगा. इस मौके पर संदीप गुसांई, नंद किशोर सती, महेश पाल, सुमित कुमार, श्वेता, दिशा नेगी, शीतल, महेश कुमार, राजेश सिंह नेगी, अशोक कुमार, किशोरी लाल, मुकेश सिंह, राजीव मंद्रवाल, विजय राम डंगवाल, नरेश पाठक, खगेन्द्र अवस्थी आदि मौजूद रहे.

# वेंडर्स के साथ सेलिब्रेट करेंगे रक्षाबंधन






» वेंडर्स को दिए जाएंगे आकर्षक गिफ्ट्स

**DEHRADUN (8 Aug) :** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार भाई और बहन दोनों के लिए बेहद खास होता है. इसी पवित्र और खुशियों के त्योहार को जागरण पब्लिकेशन एक खास अंदाज में सेलिब्रेट करने जा रहा है. इस साल आई नेक्स्ट रक्षाबंधन का त्योहार अखबार बांटने वाले वेंडर्स के साथ सेलिब्रेट करेगा. साथ ही वेंडर्स को आकर्षक तोहफे भी गिफ्ट में दिए जाएंगे.हर फेस्टिवल की तरह रक्षाबंधन का फेस्टिवल भी आई नेक्स्ट एक खास अंदाज में सेलिब्रेट करने जा रहा है.

**आई नेक्स्ट वेंडर्स के साथ रक्षाबंधन सेलिब्रेट तो करेगा ही साथ ही उन्हें आकर्षक गिफ्ट्स भी दिए जाएंगे.**

## वेंडर्स को सिलेक्ट किया गया

आई नेक्स्ट नौ अगस्त को रक्षाबंधन अपने प्रीय वेंडर्स के साथ सेलिब्रेट करेगा. नेहरू कॉलोनी, निरंजनपुर मंडी और पलटन बाजार में रक्षाबंधन सेलिब्रेट किया जाएगा. आई नेक्स्ट वेंडर्स के साथ रक्षाबंधन सेलिब्रेट तो करेगा ही साथ ही उन्हें आकर्षक गिफ्ट्स भी दिए जाएंगे. इसके लिए कुछ सबसे पुराने वेंडर्स को सिलेक्ट किया गया है.

